अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ में मनाया गया राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस

आज दिनांक 05 मई 2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में यूथ रेडक्रॉस की इकाइयों के बैनर तले द्वारा विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल टैबलेट्स वितरित की गईं। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस के रूप में संपूर्ण भारत में मनाया जा रहा है । इस कार्यक्रम का संचालन उच्चतर शिक्षा निदेशालय पंचकुला, हरियाणा के आदेशानुसार किया गया ।

यह कार्यक्रम कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य एवं जागरूकता गतिविधियाँ संस्थान में नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, जो समग्र छात्र विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आंतों के कीड़ों से बचाव हेतु एल्बेंडाजोल 400mg की एक खुराक दी गई। इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामचंद्र, यूथ रेडक्रॉस काउंसलर्स मैडम पूजा, सुभाष केलोरिया एवं लवकेश उपस्थित रहे।